आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 12.06.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 127वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में पर्यटन, शिक्षा, पेयजल, आपदा प्रबंधन और पेंशन राहत से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के लिए 97 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- स्वास्थ्य विभाग अगले पांच महीने में प्रदेश के अस्पतालों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास करेगा।
- **और,** मुख्यमंत्री ने कहा– हेली सेवाओं के संचालन में सुरक्षा मानकों से कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**समापन समारोह**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 127वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम, विशेष रूप से राज्य प्रशासनिक सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है। एक रिपोर्ट–

**स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में पर्यटन, शिक्षा, पेयजल, आपदा प्रबंधन और पेंशन राहत से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के लिए 97 करोड़ 15 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से अल्मोड़ा और देहरादून में विद्यालय भवनों का रखरखाव, धर्मपुर में पेयजल योजना, खटीमा में हैंडपंप स्थापित करने का कार्य तथा बागेश्वर के कपकोट सहित अन्य क्षेत्रों में मंदिरों के पर्यटन विकास संबंधी कार्य किए जाएंगे।

आपदा प्रबंधन के अंतर्गत चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त, टिहरी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास के लिये भी विशेष वित्तीय सहायता मंजूर की गई है।

**खसरा रूबेला मुक्त उत्तराखंड**

उत्तराखंड को 2026 तक खसरा और रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने ठोस रणनीति तैयार कर ली है। जुलाई 2025 से पूरे प्रदेश में इसके उन्नमूलन के लिये विशेष टीकाकरण सप्ताह आयोजित किए जाएंगे, जो अगले तीन महीनों तक चलेंगे। इन टीकाकरण सत्रों की निगरानी यूविन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी और यदि किसी कारणवश कोई सत्र नहीं हो पाता है, तो उसके कारणों की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

राज्य में 95 प्रतिशत या उससे अधिक टीकाकरण कवरेज का लक्ष्य रखा गया है ताकि सामुदायिक प्रतिरक्षा विकसित की जा सके। मिशन निदेशक ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिला प्रतिरक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में टीकाकरण सत्रों की नियमित समीक्षा करें, जनजागरूकता गतिविधियों को तेज़ करें और टीकाकरण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें।

इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड के सभागार में राज्य टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मिशन निदेशक स्वाति एस. भदौरिया ने की।

बैठक में खसरा और रूबेला के मामलों की सक्रिय पहचान, समयबद्ध रिपोर्टिंग, प्रकोप की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करने, टीकाकरण सत्रों की डिजिटल निगरानी और समुदाय को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

**स्वच्छता अभियान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूत आधार देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक अभिनव पहल की घोषणा की। घोषणा के तहत अब मुख्यमंत्री जिस भी स्थान पर दौरे पर जाएंगे या जहां रात्रि विश्राम करेंगे, वहां अनिवार्य रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों सहित सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने इस पहल को मिशन मोड में लेकर स्थानीय स्तर पर साफ–सफाई को प्राथमिकता के साथ करने को कहा। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों, युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों से भी इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की।

**ठोस प्रयास**

स्वास्थ्य विभाग अगले पांच महीने में प्रदेश के अस्पतालों की सुविधाओं को अगले स्तर पर ले जाने के लिए ठोस प्रयास करेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत इसके लिये आवश्यक निर्देश दिये हैं। देहरादून में आयोजित समीक्षा बैठक में डॉ. रावत ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालयों और उप जिला चिकित्सालयों को आधुनिक और पूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदाता संस्थान बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव के लिए तीन प्रमुख लक्ष्य तय किए गए हैं। इसमें स्थानीय स्तर पर संपूर्ण चिकित्सा, वास्तविक टेलीमेडिसिन सेवा और पूर्ण रूप से क्रियाशील ऑपरेशन थिएटर शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि किसी भी मरीज को अन्यत्र रेफर करने की आवश्यकता न पड़े, इसके लिए अस्पतालों में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने टेलीमेडिसिन को औपचारिकता से निकालकर प्रभावी चिकित्सा सेवा के रूप में लागू करने पर जोर दिया। साथ ही सभी अस्पतालों में आधुनिक मानकों पर आधारित ऑपरेशन थिएटर तैयार करने के निर्देश दिए।

**हेली सेवा– सुरक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि हेली सेवाओं के संचालन में सुरक्षा मानकों से कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हेली सेवाओं की समीक्षा बैठक में सभी सेवा प्रदाताओं को श्री धामी ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी हालत में इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री ने पिछले वर्षों में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की ऑडिट और नियमित समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएं। उन्होंने हेलीकॉप्टर की नियमित फिटनेस जांच, टिकट बुकिंग के लिए ठोस  विस्तृत मानक प्रक्रिया और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में इंजन सुरक्षा मानकों के सख्त अनुपालन पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित इस बैठक में यूकाडा, डीजीसीए और एएआईबी के अधिकारियों के साथ राज्य में हेली सेवाओं की संपूर्ण स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने चारधाम की सभी घाटियों में मौसम कैमरे लगाने, भविष्य में केवल डबल इंजन हेलीकॉप्टर संचालन की नीति तैयार करने और वैष्णो देवी मॉडल का अध्ययन करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हेलीकॉप्टर सेवाओं में केवल अत्यधिक अनुभवी पायलटों की ही नियुक्ति की जाए और यात्रियों के साथ व्यवहार संवेदनशील और सम्मानजनक हो ताकि उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुओं को एक सकारात्मक अनुभव मिल सके।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कल देहरादून में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं, सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने को किए जा रहे प्रयासों सहित अन्य सुधारात्मक पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा हाल में ही मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं। साथ ही प्रदेश में नई पहल करते हुए मतदाता जागरुकता के लिए भी स्वीप गतिविधियों के माध्यम से माहवार अलग–अलग थीम पर कार्य किया जा रहा है। डॉ पुरुषोत्तम ने बताया कि आयोग द्वारा मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1500 से 1200 तक सीमित कर दी गई है। जिससे प्रदेश में लगभग 1 हजार से अधिक नए बूथ स्थापित किए जाएंगे। नए बूथ स्थापित होने से मतदाताओं को और सुविधा होगी। बूथ पर लंबी लाइन नहीं लगेंगी और मतदाताओं के घर के समीप ही बूथ उपलब्ध हो जाएंगे। मतदाता सूची अपडेशन के लिए, मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद अपडेट किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर मोबाइल डिपोजिट केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

**डूबे**

उत्तरप्रदेश से आए एक ही परिवार के तीन सदस्य कल हरिद्वार जिले में स्थित पिरान कलियर क्षेत्र अंतर्गत धनौरी नहर में अचानक संतुलन बिगड़ने से गिरकर लातपा हो गए। जल पुलिस और गोताखोर उनकी तलाश में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार ये सभी लोग कलियर में जियारत के लिए आए थे।

**वाहन सीज**

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में आदि कैलाश मार्ग पर अवैध रूप से बाहर के वाहनों को रोकने की सूचना मिलने के बाद एआरटीओ शिवांश कांडपाल ने कल 4 वाहन सीज कर दिए। उन्होंने बताया कि वाहनों को रजिस्ट्रेशन न होने के चलते सीज किया गया है। बिना रजिस्ट्रेशन व कागजों के किसी भी वाहन को छोड़ा नहीं जाएगा। श्री कांडपाल ने बताया कि बाहरी वाहन रोकने की कोई भी घटना सामने नहीं आई। एआरटीओ ने कहा कि आदि कैलाश यात्रा में किसी भी प्रकार की बाधा डाली जाती है व सवारियों को जबरन अपनी गाड़ियों में बैठाया जाता है तो सूचना मिलने पर उस वाहन के रजिस्ट्रेशन और परमिट के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों टैक्सी यूनियन ने धारचूला में बाहर की गाड़ियों के आदि कैलाश न जाने देने की घोषणा की थी।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

प्रदेश मंत्रिमण्डल की बैठक में लिये गये निर्णय आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में हैं। धामी कैबिनेट ने नदियों के बाद बाढ़ क्षेत्र में कई निर्माण कार्यों को दी स्वीकृति... इस खबर के शीर्षक में हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– नदियों में एलिवेटेड रोड का रास्ता साफ....

हेलिकॉप्टर हादसों पर सीएम सख्त– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है, सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, ऑपरेटरों को दी हिदायत।

देहरादून में रायवाला से मोहकमपुर के बीच बनेंगे सात नए फ्लाईओवर– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– सड़क कनेक्टिविटी और यातायात सुरक्षा के लिए केंद्र से 720 दशमलव छह–सात करोड़ की मंजूरी, 37 किलोमीटर के दायरे में होगा सर्विस लेन का निर्माण।

उत्तराखंड में बच्चों और महिलाओं को संकट व आपदा में मिलेगी तुरंत आर्थिक मदद...इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– सीएम महिला एवं बाल विकास बहुमुखी सहायता निधि नियमावली मंजूर।

और अब बात उत्तराखंड के मौसम की है... राज्य में 17 जून तक बारिश की संभावना–इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है बुधवार को कई जिलों में हुई बारिश के बाद तापमान में आई गिरावट।